पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-11 शुक्रवार, दिनांक- 11 जुलाई, 2014 ई० ।

मानीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अप० तक

[1] **प्रश्नोत्तरकाल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 12 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 82 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **कार्यस्थगन :-**

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह एवं श्री विनोद नारायण झा द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन से की गई ।

माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य माननीय सदस्यों की मांग पर आसन से घोषणा की गई कि दोनों कार्यस्थगन की सूचना में जो विषय उठाये गए हैं उस विषय को कार्यमंत्रणा समिति की आगामी बैठक में रखा जाएगा तथा विचारोपरान्त उसपर निर्णय लिया जाएगा ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया –

(i) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(ii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(iii) श्री विजय कुमार सिन्हा
(iv) श्रीमती पूनम देवी यादव
(v) श्री राजेश्वर राज
(vi) श्री जनक सिंह
(vii) श्री ललन राम
(viii) डा० अच्युतानन्द
(ix) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(x) डा० दाउद अली
(xi) डा० इजहार अहमद

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री प्रेम रंजन पटेल एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री पथ निर्माण विभाग द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव एवं अन्य सभासदों का गन्ना उद्योग विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० मंत्री श्रीमती रंजू गीता द्वारा इसका उत्तर दिया गया । सरकार के उत्तर से मा० सदस्यों के असंतुष्ट होने के कारण आसन द्वारा इस विषय को स्थगित किया गया ।

भोजनावकाश के बाद

समय- 2.00 बजे अप० से 5.03 बजे अप० तक ।

[5] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद तथा मतदान :-

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

माननीय मंत्री श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर द्वारा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अनुदान की मांग पर विचार विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री विनय कुमार सिंह
(ii) श्रीमती मंजू वर्मा
(iii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

(इस अवसर पर अध्यासी सदस्य श्री हरि नारायण सिंह द्वारा आसन ग्रहण किया गया ।)

(iv) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(v) श्री राम बालक सिंह
(vi) श्री मो० आफाक आलम

(इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(vii) श्री अवधेश कुमार राय
(viii) श्री सत्यदेव सिंह
(ix) श्री विजय कुमार सिन्हा
(x) श्री दिनेश कुमार सिंह
(xi) डा० अच्युतानन्द
(xii) श्री पवन कुमार जायसवाल

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[6] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 25 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक 14 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-11.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।